# University in News on 08 May 2024

ACCREDITED WITH GRADE A++ NAAC

## HINDUSTAN PAGE 6

### विश्वविद्यालय में एक दर्जन से अधिक विभागों ने अपने कार्यक्रम जारी किए

# एलयू में पीजी पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं 22 मई से

**सम-सेमेस्टर**



- छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट देख सकते हैं
- पीजी स्टैटिस्टिक्स, बायो-स्टैटिस्टिक्स परीक्षाएं तीन से
- एमएससी भौतिक विज्ञान की परीक्षाएं 31 मई से होंगी

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में सम सेमेस्टर परीक्षा-2024 के तहत परास्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। विद्यार्थी विवि की आधिकारिक वेबसाइट पर कार्यक्रम देख सकते हैं। इन परीक्षाओं में पांच जिलों के करीब एक लाख विद्यार्थी शामिल होंगे।

एलयू में यूजी और पीजी स्तर के कई कार्यक्रमों का परीक्षा शेड्यूल जारी हुआ है। इसके तहत एमए या एमएससी मैथ्स सीबीसीएस दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 31 मई से 18 जून और चौथे की तीन से 11 जून तक होंगी। एमए या एमएससी स्टैटिस्टिक्स, बायो-स्टैटिस्टिक्स की परीक्षा तीन से 14 जून और एमएससी रसायन विज्ञान, फार्मास्यूटिकल साइंस की परीक्षाएं 10 से 24 जून तक होगी।

इसी तरह एमएससी भौतिक विज्ञान की परीक्षाएं 31 मई से 13 जून और एमएससी बायो-केमेस्ट्री, कंप्यूटर साइंस 31 मई से 12 जून तक कराई जाएगी। एमए ज्योतिर्विज्ञान, अंग्रेजी 31 मई से 14 जून, एमए मनोविज्ञान 31 मई से 12 जून, शास्त्री 22 मई से आठ जून, एमए पर्सियन 31 से 18 जून और एमए आचार्य की परीक्षाएं 22 मई से सात जून तक आयोजित होंगी। जानकारी के अनुसार बता दें कि इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने आदेश जारी कर दिया है।

**ललित कला संकाय की परीक्षाएं 22 से :** बीवीए, बीएफए के दूसरे, चौथे, छठे व आठवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 22 मई से शुरू होकर तीन जून तक चलेंगी। इसी तरह एमवीए दूसरे व चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 30 मई से पांच जून तक होगी। अधिक जानकारी के लिए छात्र-छात्राएं एलयू की वेबसाइट देख सकते हैं।

### बीएससी, एमएससी कृषि की परीक्षा 27 मई से होंगी

बीएससी कृषि ऑनर्स एनईपी की दूसरे, चौथे व छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 27 मई से 10 जून तक कराई जाएगी। जबकि एमएससी कृषि हॉर्टिकल्चर, एग्रीकल्चर एक्सटेंशन, एग्रोनॉमी, सॉइल साइंस एंड एग्रीकल्चर केमेस्ट्री में दूसरे व चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 27 से 31 मई तक आयोजित होंगी।

**05** जिलों के एक लाख से अधिक विद्यार्थी इन परीक्षाओं में बैठेंगे

**22** मई से आयोजित होंगी ललित कला संकाय की परीक्षाएं

### विद्यार्थियों को बीमारियों से बचाव पर जागरूक किया

आज के समय में पैसिव स्मोकिंग भी अस्थमा का एक बड़ा कारण है। इससे बचने के लिए जागरूकता की जरूरत है। न केवल टीबी, अस्थमा बल्कि अन्य सभी रोगों से बचने के लिए योग, ध्यान, फिजिकल वर्कआउट और साफ सफाई को दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए। यह बातें विशेषज्ञ डॉ. गौरी ने कहीं। वह एलयू के समाज कार्य विभाग और पंडित दीनदयाल शोध पीठ की ओर से अस्थमा व टीबी: बचाव व देखभाल पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहीं। डॉक्टर गौरी ने कहा कि मोबाईल के कम इस्तेमाल से रेडिशन से बचा जा सकता है। यदि परिवार का कोई सदस्य टीबी, अस्थमा जैसे रोगों से पीड़ित है तो उसे मानसिक समर्थन दिया जाना चाहिए। समाज कार्य के विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश द्विवेदी ने कहा कि वायु व प्रदूषण जनित बीमारियों से सावधान रहने की जरूरत है।

## JAGRAN CITY PAGE III

# 22 से एमए आचार्य, 31 से पर्शियन की परीक्षाएं

जासं•लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने पीजी सम सेमेस्टर के कई और विषयों की परीक्षाओं का कार्यक्रम मंगलवार को जारी कर दिया। एम.ए. आचार्य द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 22 मई से सात जून, चौथे सेमेस्टर की 24 मई से चार जून, एम.ए. पर्शियन दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा 31 मई से 18 जून, चौथे सेमेस्टर की तीन से 11 जून तक होंगी।

एम.ए. शास्त्री दूसरे सेमेस्टर (एनईपी) की परीक्षाएं 22 मई से सात जून, चौथे सेमेस्टर की 24 मई से आठ जून, छठे सेमेस्टर की 22 मई से छह जून, एम.ए. साइकोलाजी दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा 31 मई से 12 जून, चौथे सेमेस्टर की तीन से आठ जून तक होंगी। पीजी डिप्लोमा इन गर्भ संस्थान दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा छह से 14 जून, एम.ए. वूमेन स्टडी दूसरे सेमेस्टर की पांच से 18 जून, एम.ए. अंग्रेजी दूसरे सेमेस्टर (सीबीसीएस) की परीक्षा 31 मई से 14 जून, चौथे सेमेस्टर की परीक्षा तीन से 11 जून तक होंगी।

**एमएससी में इनकी तिथि तय :** एम.एससी. फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री द्वितीय सेमेस्टर (बैक पेपर) की परीक्षा 10 से 18 जून, चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 20 से 24 जून, एम.एससी. बायो केमिस्ट्री दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 31 मई से 12 जून, चौथे सेमेस्टर की तीन से 11 जून, एम.एससी. कंप्यूटर साइंस दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 31 मई से 12 जून, चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं तीन से 11 जून, एम.एससी. केमिस्ट्री दूसरे सेमेस्टर की 10 से 18 जून, चौथे सेमेस्टर की 20 से 24 जून, एम.एससी. फिजिक्स दूसरे सेमेस्टर की 31 मई से 12 जून, चौथे सेमेस्टर की छह से 13 जून तक होंगी।

### दीन दयाल कालेज में पीजी के आवेदन आज से

जासं, लखनऊ : पं. दीन दयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजाजीपुरम में परास्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आनलाइन आवेदन वेबसाइट www.ggpgcrajajipuram.com के माध्यम से बुधवार से शुरू होंगे। मंगलवार को कालेज प्रशासन ने यह सूचना जारी की। प्राचार्य डा. रमेश चंद्र वर्मा ने बताया कि एम.एससी. रसायन विज्ञान में 30, एम.ए. अंग्रेजी 50, अर्थशास्त्र 60, समाजशास्त्र 60, इतिहास 60, गृह विज्ञान में 20 सीटों पर प्रवेश होंगे। आवेदन शुल्क 400 रुपये है।

ये है कोर्सवार प्रथम वर्ष का शुल्क : एम.ए. गृह विज्ञान : 5527, एम.ए. समाजशास्त्र 5187, एम.ए. अर्थशास्त्र 5187, एम.ए. इतिहास 5187, एम.ए. अंग्रेजी 5187, एम.एससी. रसायन विज्ञान 7,527 रुपये है।

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# लविवि : कई विषयों के परीक्षा कार्यक्रम जारी

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लविवि ने मंगलवार को एमए अंग्रेजी व एमए साइकोलॉजी समेत परास्नातक के कई विषयों के परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिए हैं। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय में इस समय यूजी सम सेमेस्टर की परीक्षाएं चल रही हैं। इसी बीच परीक्षाओं को लेकर वृहद स्तर पर तैयारियां जारी हैं। विभागों की ओर से जिन पाठ्यक्रमों के परीक्षा कार्यक्रम को मंजूरी दी जा रही है, परीक्षा विभाग उसकी औपचारिक तिथि जारी कर रहा है।

परीक्षा विभाग ने पीजी में जिन विषयों का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया है, उसमें एमए आचार्य, एमए पर्शियन, एमएससी केमिस्ट्री, एमएससी फिजिक्स, एमए, एमएससी स्टैटिक्स, एमए शास्त्री, एमएससी कंप्यूटर साइंस व एमएससी बायोटेक्नोलॉजी समेत कई अन्य शामिल हैं।

प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षार्थी परीक्षा कार्यक्रम से जुड़ी किसी भी समस्या के लिए परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए विवि की वेबसाइट अनिवार्य रूप से देखते रहें।